हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 4 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


**तापमान**

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 पानी बहाने से मना करने पर युवक से मारपीट



## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा आज, शामिल होंगे जिले में 4426 परीक्षार्थी

**अम्बिकापुर।** एमबीबीएस की कक्षाओं में प्रवेश के लिए रविवार को नीट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा को सुचारु, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षा के लिए जिले में 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं वहीं जिले में नीट परीक्षा के लिए 4426 परीक्षार्थी पंजीकृत है। रविवार को परीक्षा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, राजमोहिनी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या शिक्षा परिसर, सैनिक स्कूल, गवर्नमेंट नगर पालिका निगम स्कूल, राजमोहिनी देवी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ख़लिबा में आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है।

### नेशनल लोक अदालत 10 को तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अम्बिकापुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केएल चरयाणी द्वारा न्यायाधीशगण के साथ बैठक ली गई। बैठक में न्यायाधीश श्री चरयाणी ने कहा कि लोक अदालत केवल न्याय का माध्यम ही नहीं, बल्कि आपसी संबंधों को मधुर बनाने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोक अदालत के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है, जिससे समाज में आपसी समझ और शांति को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों के आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु 30 मई को पी-सिटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी संबंधित पक्षों से पूर्व चर्चा कर प्रकरणों को लोक अदालत के लिए उपयुक्त बनाने का आह्वान किया गया।

### डौरा में 5 मई को आयोजित शिविर स्थगित

**बलरामपुर।** सुशासन तिहार के माध्यम से जनसामान्य और ग्रामीण जनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में समाधान शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर हेतु स्थल एवं तिथि निर्धारित कर शिविर के सफल संचालन के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। विकास खण्ड बलरामपुर के अंतर्गत तहसील डौरा-कोचली के हाई स्कूल खेल मैदान डौरा में 5 मई को शिविर आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त शिविर को स्थगित किया गया है। शिविर के लिए आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। शेष शिविर की स्थल एवं तिथि यथावत रहेगी।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** परिवार के साथ ससुराल में रह रहे ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भिट्ठीकला निवासी दिल भरोष आ. रतन धोबी (37 वर्ष) पिछले 4-5 साल से जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवाड़डांड़ अपने ससुराल में रह रहा था। दिल भरोष चार पांच दिन से ज्यादा शराब पीने लगा था। गत दिन शराब के नशे में धुत्त होकर कीटनाशक को ग्लास में डालकर पीने गया। इधर कीटनाशक को पीते देख उसकी साली ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन दिल भरोष को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

विद्युत लाइन पर जगह-जगह गिरी डंगाल, पूरे दिन ठप रही विद्युत आपूर्ति

# विक्षोभ के प्रभाव से दोपहर में छाया अंधेरा अंधड़ गरज-चमक के साथ हुई मूसलाधार बारिश



भारी बारिश के बाद पुराना बस स्टैण्ड के समीप जमा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को दोपहर में अचानक आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही अंधेरा छा गया तथा अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक विक्षोभ के प्रभावी रहने एवं गरज-चमक एवं अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बेमौसम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है तथा गर्मी पूरी तरह से खत्म हो गई है।

**खास बात**

- दो दिनों तक सक्रिय रहेगा विक्षोभ

पिछले एक सप्ताह से पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। पूर्व में सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म भी नहीं हुआ था कि शुक्रवार को पश्चिम हिमालय क्षेत्र में एक नया विक्षोभ सक्रिय होकर पूर्व के विक्षोभ में समाहित हो गया। वातावरण में पूर्व से मौजूद नमी के साथ ही दक्षिणी एवं पश्चिमी द्रोणिका एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी पांच चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से विक्षोभ को मिल रही नमी ने उसे अत्याधिक ताकतवर बना दिया है। मौसम में आए बदलाव के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है वही द्रोणिका एवं चक्रवाती परिसंचरण भी उसे ताकत दे रहे हैं जिसके कारण विक्षोभ देश के विभिन्न राज्यों में प्रभावी है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि उत्तर - दक्षिण की द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से गुजरात महाराष्ट्र होते हुए कर्नाटक तक पूर्व-पश्चिम की द्रोणिका पूर्वोत्तर राजस्थान से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा तक विस्तारित है वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। विपरीत दिशा की हवाएं टकराकर इसे शक्ति प्रदान कर रही है। विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को 1.30 बजे 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ मूसलाधार वर्षा हुई। इस दौरान जरही सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर ओलावृष्टि हुई। आंधी से कई घरों के शेड उखड़ गए है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के आगामी दो दिनों तक प्रभावी रहने एवं गरज-चमक के साथ वर्षा होने एवं कहीं-कहीं ओला गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस वहीं 18.7 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है।

### 7 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

तेज रफ्तार आंधी से विद्युत लाइन पर जगह-जगह पेड़ों की डाल टूटकर गिर गई हैं जिससे दोपहर 1.30 बजे से रात 8 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रही। पेड़ों की डाल गिरने से शहर के नमनाकला एवं इंडस्ट्रियल एरिया फीडर का पैनल रिले जल गया जबकि 33 केवी ग्रामीण, बाबूपारा फीडर लक्ष्मीपुर, गोधनपुर एवं गोड़ा पीपस फीडर का जम्पर ब्रस्ट हो गया तथा जगह-जगह के तार टूट गए। कड़ी मशक्कत के बाद सुधार उपरांत देर शाम कुछ क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई जबकि खबर लिखे जाने तक नमनाकला, इन्डस्ट्रीयल एरिया एवं गोधनपुर क्षेत्र की आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। कार्यपालन यंत्री एसपी कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन का सुधार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी की रफ्तार कम होने के कारण विद्युत लाइन को क्षति नहीं पहुंची है।

### निचले इलाकों में जमा पानी

पानी निकासी नहीं होने के कारण शहर के निचले इलाकों में वर्षा का पानी जमा हो गया है। प्रतीक्षा बस स्टैंड में पानी जमा होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वार्डों में नालियां जाम होने के कारण नालियों की गंदगी सड़कों पर फैल गई है। शहर के निचले इलाकों में पानी जमा होने के कारण आवागमन में परेशानी भी उठानी पड़ी। मौसम विज्ञानी रविवार एवं सोमवार को भी आंधी चलने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक बारिश को उद्यानिकी एवं ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए अच्छा बता रहे हैं। अभी गेहूं की मिसाई चल रही है। भींगने से गेहूं के दानों के खराब होने की संभावना जताई जा रही है।

## कोयलांचल समेत आसपास के इलाके में तेज आंधी व बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यक्त





**बिश्रामपुर।** शनिवार की दोपहर कोयलांचल समेत आसपास के क्षेत्रों में अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई तेज आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि अफरा-तफरी मच गई। कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, बिजली के खंभे टूट गए और शहर समेत ग्रामीण अंचल में बिजली सप्लाई बाधित हो गई। मौसम विभाग के अनुसार तेज रफ्तार हवाओं ने बाजार, आवासीय क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में पेड़-पौधों को भारी नुकसान पहुंचाया है और कई घरों क़े टिन की छतें भी निकलकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं। तेज हवा से बिजली के पोल और तार टूटने से पूरे क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रही जिससे जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा।इस पर बिजली विभाग की टीम तत्काल हरकत में आई और पेड़ों को हटाने तथा बिजली बहाली कार्य में जुट गई। मौसम के करवट बदलने से जयनगर थाना प्रांगण में विद्युत केबल पर ही पेड़ धराशायी हो गया है और कई विद्युत पोल भी गिर गए हैं। विद्युत विभाग बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को पुनः जल्द बहाल करने मैदानी स्तर पर सुधार कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। कई स्थानों पर तेज गति की हवा से पोल व पेड़ गिरने से काफी नुकसान भी हुआ है।

- तेज हवाओं से कई पेड़ व पोल हुए धराशायी, कई घंटे तक बिजली सप्लाई हो गई बाधित



घटना स्थल पर मृत युवक व दुर्घटनाकारित वाहन।

## एनएच 43 पर पिकअप से टकराकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एनएच 43 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एनएच पर लगातार अलग अलग घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई। इस बीच देर शाम प्रतापगढ़ में पिकअप से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक भाई की शादी के मंडप उपरान्त अपनी साली को ससुराल में छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहा था। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ज कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके सतह ही घटना की जांच चल रही है।

- ग्राम प्रतापगढ़ में हुई घटना, मातम में बदली शादी की खुशियां, मंडप के बाद साली को ससुराल छोड़कर वापस लौट रहा था युवक

बताया जा रहा है कि ग्राम उलकिया अंतर्गत ग्राम बरबचला निवासी 33 वर्षीय सुलेश मांझी आ.संतराम मांझी के घर उसके छोटे भैया की शादी थी। शुक्रवार को शादी के मंडप कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेहमान आए हुए थे। शाम को मंडप कार्यक्रम के बाद युवक सुलेश मांझी अपनी साली को घर छोड़ने के लिए बाइक से अपने ससुराल ग्राम कतकालो डूमरपारा गया हुआ था। साली को ससुराल छोड़कर वापस घर लौटते समय ग्राम प्रतापगढ़ में युवक सड़क किनारे पिकअप से टकरा गया। युवक के बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर के बाद सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान युवक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। यदि युवक ने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया और शनिवार की सुबह शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद मृत युवक के परिजन को श्रधांजलि योजना के तहत ग्राम पंचायत उलकिया की ओर से दो हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई। सचिव संजय पांडेय ने बताया कि शासन की श्रद्धांजलि योजना के तहत मृतक के अंतिम संस्कार हेतु परिवार को दो हजार की सहायता राशि दी जाती हैं।

### क्षेत्र में शोक का माहौल

सड़क दुर्घटना में मृत युवक सुलेश मांझी के घर मे शादी की वजह से माहौल काफी खुशनुमा था। मृतक के छोटे भाई मुकेश मांझी की शादी की वजह से घर मे काफी चहल पहल थी। इस घटना की खबर लगते ही मृतक के घर मे सन्नाटा छा गया। पलभर में ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले युवक के घर मे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस घटना के बाद से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है वही मृतक की दो बेटियों के सिर से हमेशा के लिए बाप का साया उठ गया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर शिक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

विक्षोभ की सक्रियता से हुई बारिश का सार पूरे सरगुजा में देखने को मिला। गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं बारिश के साथ आसमान से आफत भी गिरी। तेज बारिश से बचने के लिए होटल के शेड के नीचे खड़े शिक्षक की गाज की चपेट में आकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम केसला निवासी 47 वर्षीय हरीश एक्का आ.रघुवीर एक्का मैनपाट के कुनकुरी माध्यमिक शाला में पदस्थ थे। शिक्षक हरीश ग्राम जशपुर जिले के ग्राम तमता में रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। शनिवार को रिस्तेदारी से वापस लौटते समय अचानक ही मौसम में बदलाव हुआ और बारिश शुरू हो गई। इस बारिश से बचने के लिए शिक्षक हरीश कुमार ग्राम राजौटी में त्रिकोण चौक पर बंद पड़े होटल के शेड के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली उनपर गिर गई। गाज की चपेट में आए शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन के साथ ही शिक्षकों में मातम पसर गया है। हालांकि परिजन संतुष्टि के लिए शिक्षक को पुनः जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए।



### बाल बाल बचे 5 लोग

बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर बंद पड़े होटल के नीचे शिक्षक समेत कुल छह लोग मौजूद थे लेकिन आकाशीय बिजली की चपेट में सिर्फ शिक्षक ही आए जबकि 5 लोग बाल बाल बच गए। लोगों का कहना है कि घटना के दौरान शिक्षक मोबाइल फोन चला रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि मोबाइल फोन चलाने के कारण यह घटना हुई।

## बारात गया ग्रामीण बांध में डूबा, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के भाई का बारात गया ग्रामीण बांध में स्नान करने के दौरान डूब गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदारी निवासी जुदरा राम आ. स्व. मंगना (45 वर्ष) गत दिन पत्नी के भाई नंदू के बारात में शामिल होकर ग्राम परसिली गया था। आज सुबह ग्राम करम्हा बांध में स्नान करने गया तभी गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का बांध से निकला पीएम के लिए भेजा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक, आरएचओ व नर्सिंग स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही कमियों को दुरुस्त करने के उद्देश्य से संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं और सीएमएचओ ने सीएचसी उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बड़ी लापरवाही और गड़बड़ी सामने आई।

- वेतन रोकने के साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश, देर शाम पहुंचे थे सीएचसी उदयपुर

अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, आरएचओ बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में जेडी ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए बगैर किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। बता दें कि हाल ही में सीएचसी उदयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने छापा मारा था। एसीबी ने उदयपुर सीएचसी में पदस्थ लेखपाल और संगणक को यात्रा भत्ता बिल का भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था जिसके बाद शुक्रवार की देर शाम संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला और सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स अंजना भगत, अंजली एक्का, कुमारी सुनीता भगत, रेडियोग्राफर बालेश्वर यादव बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से विगत दो दिनों से अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही आरएचओ सचिन और नीलमनी तिर्की भी बिना किसी सूचना के एक दिन अनुपस्थित पाए गए जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सक, स्टाफ नर्स, रेडियोग्राफर और आरएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जेडी डॉ. शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने और चिकित्सक के स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों को महिला वार्ड एवं पुरुष मरीजों को पुरुष वार्ड में भर्ती करने का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कुष्ठ एवं टीबी रोग का परीक्षण करने, संस्था में आने वाले मरीजों से चिकित्सक एवं स्टाफ अच्छा व्यवहार स्थापित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर को व्यवस्थित रूप से संधारण करने एवं सेक्टर बैठक और जीवन दीप समिति की बैठक समय-समय पर करने हेतु निर्देशित किया गया।




## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :- 1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**

**संचालक**

**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**

**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**

**पिनकोड- 492013**

महोदय________________________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।

आवेदक का नाम________________________________________

पिता/पति______________________________ जन्म तिथि________________

वर्ग अनुज जाति______________अनु जाति______________ अन्य पि. वर्ग______________

सामान्य______________पत्र व्यवहार का पता______________________________

________________________________________ पिन कोड______________

मो. नं.______________________________बाट्सअप नं______________________________

पालक का मो. न______________________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग______________

में प्राप्त अंक______________ कुल प्रतिशत______________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.______________

हस्ताक्षकर______________________________ पालक का हस्ताक्षर______________________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### पीएचसी में उपलब्ध हों 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं



**बैकुण्ठपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उक्त सुविधा की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर 10 से 4 बजे तक की खुलता है, इससे शाम के समय गर्भवती महिलाओं एवं सामान्य अन्य मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि यदि तीन दिवस में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो मेरे व स्थानीय लोगों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में तालाबंदी किया जाएगा।

### निकाय कर्मियों को चार माह से नहीं मिला वेतन

**बैकुण्ठपुर।** नगरीय निकाय के नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने चार माह से वेतन भुगतान नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मनेन्द्रगढ़ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल बकाया वेतन जारी करने की मांग की है। सीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत झगराखांड़ एवं नगर पंचायत नई लेदरी में कार्यरत कर्मियों को विगत 4 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

## बदला मौसम का मिजाज, बारिश से जनजीवन प्रभावित

# तेज आंधी से नेशनल हाइवे पर गिरा पेड़



सड़क पर गिरा पेड़।



क्षेत्र में हो रही बारिश।

**बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र सहित पूरे जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बीते चार दिनों से प्रतिदिन दोपहर बाद तेज आंधी, बिजली की चमक और झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है, इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।

शनिवार को एनएच 43 पर ग्राम बेलबहरा के निकट एक बड़ा पेड़ तेज हवाओं के चलने के दौरान अचानक गिर गया। इस दौरान उक्त स्थल पर किसी की आवाजाही नहीं हो रही थी, इस कारण बड़ा हासदा टल गया। बाद में सड़क पर गिरे विशाल पेड़ को हटाया गया, इसके बाद आवागमन सुचारू गति से शुरू हो सका। एनएच 43 पर बड़ा पेड़ गिरने के बाद काफी देर तक चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद रही। मौसम विभाग के अनुसार यह मौसम परिवर्तन हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आ रही नमी के कारण हो रहा है। दोनों के संयोजन से वायुमंडलीय अस्थिरता बढ़ी है, इसके परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर पर तूफानी हवाएं, गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं ओलावृष्टि भी देखने को मिली है। जिले के खोंगापानी, चिरमिरी, भरतपुर और झगराखांड़ में तेज हवाओं ने कई पेड़ों को गिरा दिया, वहीं कुछ कच्चे घरों और दुकानों की छतों को नुकसान पहुंचाया हैं। खेतों में खड़ी फसलों, विशेषकर सब्जियों और दलहनों को आंशिक क्षति की जानकारी सामने आ रही है।

### दोपहर बाद मौसम का बदला मिजाज, किसानों ने जताई चिंता

**सोनहत।** क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से तेज धूप और गर्मी के बीच दिनभर का मौसम सामान्य बना रहा, लेकिन दोपहर लगभग 3 बजे के बाद आसमान में अचानक बादल छा गए। इसके साथ ही तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी ने पूरे क्षेत्र को ठंडक का एहसास कराया। मुख्यालय सोनहत में देर शाम तक केवल हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली, जबकि कैलाशपुर के जंगल क्षेत्रों से लेकर घूघरा, कटगोड़ी, शिवघाट सहित आसपास के ग्रामों में हल्की



बारिश और हवाओं की स्थिति बनी रही। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। सुबह तेज धूप और दोपहर बाद बारिश और तेज हवाओं की स्थिति ने ग्रामीणों विशेषकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि इस तरह का अस्थिर मौसम खेती-किसानी के लिए अनिश्चितता लेकर आता है और आगामी फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यदि यह मौसमी बदलाव लंबा खिंचता है तो कृषि वैज्ञानिकों की मदद से मार्गदर्शन और जरूरी सलाह उपलब्ध कराई जाए।

### प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

जिला प्रशासन ने मौसम को देखते हुए सभी तहसीलों और ग्राम पंचायतों को अलर्ट पर रखा है। लोगों को सलाह दी गई है कि खराब मौसम के दौरान बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें, खेतों में अकेले न जाएं और सुरक्षित स्थानों में शरण लें। बारिश और तूफान के चलते स्कूली बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा हैं। कुछ स्थानों पर उपस्थिति कम दर्ज की गई, वहीं कई निजी संस्थानों ने समय से पहले छुट्टी दे दी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 से 48 घंटे तक इसी तरह की स्थिति बनी रह सकती है, उसके बाद मौसम सामान्य होने के आसार हैं।



फाइल फोटो

# पानी बहाने से मना करने पर युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के ग्राम सेंधा में पानी की बर्बादी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित रमेश कुर्रे ने अपने बड़े भाई राजेश कुर्रे और भाभी रेखा कुर्रे पर गाली-गलौच कर मारपीट का आरोप लगाया है।

■ भाई-भाभी पर अपराध दर्ज

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रमेश कुर्रे ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसके भाई ने पीएचई का मोटर चालू कर पाइप खुला छोड़ दिया था, जिससे अनावश्यक रूप से पानी बह रहा था, जब रमेश ने अपने पिता से इस बारे में बात की, तो उसकी भाभी रेखा नाराज हो गई और गाली-गलौच करने लगी। विरोध करने पर राजेश और रेखा दोनों ने मिलकर रमेश के बाल पकड़कर पटक दिया और हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके बाएं कंधे और होंठ में गंभीर चोटे आई। पीड़ति के पिता हरि कुर्रे और माता गनेशिया ने घटना को देखा और बीच-बचाव किया। मामले की जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण (एक्स-रे)में चोट को गंभीर बताया गया है। जांच पूर्ण होने के बाद राजेश कुर्रे व रेखा कुर्रे के खिलाफ थाना पोड़ी में धारा 296, 117 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

प्राथमिक जांच रिपोर्ट चौकी नागपुर से प्राप्त कर मुख्य थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 19/2025 के तहत दर्ज की गई। मामले की विवेचना जारी है।

### घर का ताला तोड़कर सामान पार, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत चौकी पोड़ी बचरा क्षेत्र के ग्राम चिरमी सड़कपारा में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रूपए के घरेलू व आभूषण सामग्री की चोरी कर ली। मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती ममता यादव अपने पति के साथ 29 अप्रैल को अपने नाना रामसुभग यादव, निवासी मेण्ड्रा थाना सोनहत के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर से निकलते समय उन्होंने दरवाजे में ताला लगाया था, जब वे 30 अप्रैल को वापस लौटे, तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता ने बताया कि उनके घर से काश के थाली 6 नग, लोटा 6 नग, परात 2 नग, साड़ी 5 नग, गैस चूल्हा 1 नग, चांदी की पायल 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र लॉकेट 1 नग, धान 3 बोरी, चावल 25 किग्रा, डेगची और कड़ाही 2 नग चोरी हो गए हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 24,900 रूपए आंकी गई है।

# वेस्ट चिरमिरी में गंदगी का अंबार निगम-एसईसीएल ने झाड़ा पल्ला



### स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

**वेस्ट चिरमिरी।** क्षेत्र इन दिनों गंदगी के चलते नारकीय स्थिति में तब्दील हो चुका है। चारों ओर फैली गंदगी, जाम नालियां और बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसना आम बात हो गई है, इसके बावजूद नगर पालिक निगम चिरमिरी और एसईसीएल दोनों ही जिम्मेदार संस्थाएं आंखें मूंदे बैठी हैं।

नगर निगम के पास सफाई के लिए नियुक्त अमला क्षेत्र में नाम मात्र की भी स्वच्छता नहीं कर पा रहा है। वहीं एसईसीएल द्वारा करोड़ों रूपए की लागत से ठेका देकर स्वच्छता का कार्य करवाने का दावा तो किया गया, लेकिन धरातल पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार ने राजनीतिक संरक्षण के बल पर भुगतान तो पूरा ले लिया, लेकिन काम नहीं किया। बारिश ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया है। नालियों की सफाई नहीं होने से वे कचरे से पट गई हैं। पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं होने से गलियों और घरों में गंदा पानी भर रहा है। टाइप क्वाटर्स के पास स्थित नाली की सफाई के दौरान निकला कचरा करीब 15 दिनों से नाली के ऊपर ही पड़ा हुआ है, जिसे हटाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। गंदगी के चलते क्षेत्र में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। नागरिकों ने नगर निगम और एसईसीएल से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है, लेकिन दोनों ही संस्थाएं एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने में व्यस्त हैं। स्थानीय

# नवनिर्मित परशुराम चौक का महापौर राय ने किया लोकार्पण

**डोमनहिल।** ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव इस वर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह विधिवत पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों से हुई। इसमें समाज के विप्रजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर नवनिर्मित भगवान परशुराम चौक का उद्घाटन फीता काटकर किया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय में उत्साह की लहर दौड़ गई। ब्राह्मण समाज चिरमिरी के अध्यक्ष हरिकांत अग्निहोत्री ने स्वागत भाषण में कहा कि समाज को सशक्त बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सभी सदस्यों का योगदान है। उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश इस आयोजन में शामिल



नहीं हो पाए, उनका भी योगदान समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है। महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि महर्षि भवन तथा अन्य कक्षों का निर्माण वर्तमान विधायक एवं मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल के निरंतर प्रयासों से संभव हुआ है। साथ ही उन्होंने मंच से महापौर से यह आग्रह किया कि महर्षि भवन के सामने एक शेड का निर्माण कराया जाए। महापौर रामनरेश राय ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रारंभ से ही ब्राह्मण समाज का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आज जिस मुकाम पर पहुंचा हूं, उसमें ब्राह्मण समाज का बड़ा योगदान है। साथ ही उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि ब्राह्मण समाज द्वारा जो मांग रखी गई है।

# बेरहमी से युवक को पीटते पुलिस का वीडियो वायरल

**बिजुरी।** क्षेत्र थाने में पदस्थ चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक युवक के साथ सार्वजनिक स्थल पर बेरहमीपूर्वक मारपीट किए जाने का वीडियो 2 मई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने मामले को गंभीरता से लेकर वीडियो में नजर आ रहे चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर, मामले की जांच का आदेश दिया गया, जो अब शुरू है। जानकारों द्वारा उक्त वीडियो को बीते वर्ष 2024 अक्टूबर महीने के नवरात्रि के दौरान का बताया जा रहा है। इसमें बिजुरी के मनेन्द्रगढ़ तिराहे के पास सार्वजनिक स्थल पर चार पुलिसकर्मी एवं वाहन चालक द्वारा एक युवक को पकड़कर बर्बरता पूर्वक लाठी से पीटते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा सहायक उप निरीक्षक कमलेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा, आरक्षक नरेन्द्र जाट और लक्ष्मण डांगी को लाइन अटेच कर दिया है और इस मामले की जांच प्रारंभ की गई है। इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी द्वारा बताया गया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उक्त घटना में शामिल निजी वाहन चालक के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

**चार पुलिसकर्मी लाइन अटैच**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

-:: ईश्तहार ::-

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम - संजयनगर को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती पूनम राजवाड़े पति श्री उमेश कुमार राजवाड़े, जाति रजवार, निवासी. ग्राम संजयनगर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम संजयनगर, प.ह.न. 27, रा.नि.मं. पिलखा, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 354/5 रकबा 0.020 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14/05/25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/4/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर (छ.ग.)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं: पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना • गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी • प्रोस्टेट बढ़ जाना • पेशाब के रास्ते का छोटा होना • किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Ursurgeon)
8225888500 (O.P.D.) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्चुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल साइनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे: ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Education
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS
Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry)
डॉ.विनय कुमार
डॉ.आकाश गर्ग
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
डॉ.आशु जैन
डॉ.सलमान
डॉ.निशांत कुमार साहू
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
04 मई 2025, प्रत्येक माह के प्रथम रविवार

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ.हर्षित मिश्रा MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 10 मई, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
07774-221101, 9407910331, 9486142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गोधनपुर, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
रविवार, 27 अप्रैल 2025
प्लास्टिक सर्जरी
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
गॉल ब्लेडर (पित की थैली) • अपेंडिक्स • हार्निया • पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस, एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल
9752542415, 8120809000, 9424250281

HEALTH TOWN

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच • प्रसूति (नार्मल व सिजेरियन) • बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन • मोनोपॉज • मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज • स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन • बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Consmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप



### सोनार समाज मवेशियों को देगा गुड़ और पानी

**राजपुर।** भीषण गर्मी में बेजुबान जानवारों के लिए सोनार समाज की ओर से एक नई पहल की गई है। सोनार समाज द्वारा मवेशियों को गुड़ और पानी दिया जाएगा। समाज के लोगों द्वारा आवारा मवेशियों के साथ ही लगूं द्वारा घरों में पाले गए मवेशियों को घर घर जाकर गुड़ पानी दिया जाएगा। शनिवार को इस अभियान की शुरुआत समाज के अध्यक्ष नरेश सोनी और विकासखंड अध्यक्ष सुरेश सोनी द्वारा की गई। अब समाज के लोगों द्वारा प्रतिदिन घर घर जाकर मवेशियों और पालतू जानवरों को गुड़ और पानी दिया जाएगा। समाज द्वारा जानवरों के प्रति सेवा भाव और भीषण गर्मी में के दौरान बेजुबान जानवरों को राहत देने के लिए इसकी शुरुआत की है। मई महीने के शुरुआती समय में इस नई योजना की शुरुआत की गई है क्योंकि इस समय भीषण गर्मी पड़ती है और जानवर लगातार बाहर ही रहते हैं। जिला अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि राजपुर में समाज के लोग लगातार अलग-अलग कार्यक्रम में सहभागिता दिखाते हैं और यह जिले की पहचान भी है इसलिए यहां से इसने योजना की शुरुआत की गई है जिसमें लोगों का प्रेम जानवरों के प्रति बढ़ सके। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि आजकल लोग जानवरों को घर में बांधते नहीं है और उन्हें बाहरी छोड़ देते हैं ऐसे में जानवर इधर-उधर भटकते रहते हैं भीषण गर्मी में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो समाज ने एक शुरुआत की है ताकि उन्हें कम से कम गुड़ और पानी मिल सके। इस दौरान संतोष सोनी, संजय सोनी,अरुण सोनी, बबलू सोनी, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रेष्ठ विचार और अच्छी इच्छा शक्ति के लिए योग जरूरी



**अम्बिकापुर।** इच्छा शक्ति के लिए विचार का होना जरूरी है और विचार योग से सम्भव है। उक्त बातें श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग की सम्पर्क कक्षा के समापन अवसर प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि शरीर के लिए दवा आखिरी विकल्प है। हमें स्वस्थ रहना है तो योग करना ही होगा। अपनी दिनचर्या को प्रकृति के अनुसार ढालना होगा और निद्रा, आहार, व्यायाम को संयमित रखना होगा। योग प्रशिक्षक श्वेता कुर्रे ने योग की अवधारणा और उससे मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, व्यायाम और आसन करने ही होंगे। इससे शरीर की मांसपेशियों के साथ पूरे संरचना को गति मिलती है। उन्होंने 10 दिनों से संचालित योग कक्षा की गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ. अजय कुमार तिवारी ने योग में शामिल विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, हलासन, वज्रासन, मयुरासन, चक्रासन आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जांगड़े और विजय गजोरिया ने किया।

### कक्षा 9वीं व 11वीं का घोषित किया गया वार्षिक परीक्षा परिणाम

**मानीचौक।** क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूल केतका के कक्षा नवमी व ग्यारहवीं के स्कूली बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान एसएमडीसी के सदस्यों ने परीक्षा परिणाम का रिजल्ट वितरण किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में कड़ी मेहनत कर परीक्षा को उत्तीण करने की बात कही। एसएमडीसी व उपसरपंच बाबूलाल सिंह ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 महीना की गर्मी की छुट्टी में अगर बच्चे चाहे तो बुक की एक तिहाई पढ़ाई अवश्य कर सकते हैं और पढ़ा हुआ पाठ को शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाने पर काफी आसानी से समझ आ जाता है इसलिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अभी से जुड़ जाए। इस दौरान स्कूल प्राचार्य जेआर शांडिल्य सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत



**अम्बिकापुर।** तेज गरज चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी निवासी कामेश्वर आ लोहरू व गांव के ही समुद आ शिवराम के मवेशी चुकनडांड पारा में चारा खा रहे थे। इसी दौरान दोपहर को अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश होने पर दोनों मवेशी पेड़ के नीचे खड़े थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों मवेशी चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों किसानों ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

उड़ती धूल एवं बिखरी गिट्टी ने बढ़ाई राहगीरों की परेशानी

# भैयाथान-पटना स्टेट हाईवे की आधी अधूरी सड़क बनी लोगों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

भैयाथान-पटना स्टेट हाईवे की जर्जर सड़क अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि एक माह पूर्व सड़क डामरीकरण के लिए गिट्टी, राखड़, रेत और सीमेंट का मिश्रण से डब्ल्यू एमएम डाला गया लेकिन डामरीकरण का काम आधा अधूरा ही छोड़ दिया गया। आलम यह है मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। ऐसे में लोग धूल के गुब्बार के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- एक माह बाद भी सड़क की नहीं हो सकी मरम्मत पूरी



जर्जर सड़क से उड़ते धूल।

भैयाथान पटना स्टेट हाईवे क्रमांक 12 जो भैयाथान को पटना से जोड़ता है। जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने से अब क्षेत्र के लोगों के लिए मार्ग मुसीबत बन गई है। एक माह पूर्व सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया गया था। सड़क मरम्मत का कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों आवागमन के लिए एक बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी थी लेकिन लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब सड़क के डामरीकरण के लिए गिट्टी, राखड़, रेत और सीमेंट का मिश्रण डब्ल्यू एमएम डालकर डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया। सड़क की मरम्मत कार्य अधूरा होने से अब सड़क पर डाले गिट्टी राखड़ रेत व सीमेंट का मिश्रण भारी वाहनों के आवागमन करने से और भी जर्जर हो गई। ऐसे में मार्ग से भारी वाहन गुजरने तथा धूल के गुब्बार उड़ने से बाइक, स्कूटी सहित पैदल चलने वाले लोगों का कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी के कारण छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से धूल के गुब्बार उड़ने लगते है जिससे बीमारी का खतरा तो बढ़ गया है वहीं हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द डामरीकरण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है ताकि उड़ती धूल से निजात मिल सके।

**जल्द शुरू होगा डामरीकरण**

लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है। एक से दो दिन में डामरीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

- प्रकाश सिन्हा
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

**हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। अब सड़क पर बिखरी गिट्टी बड़े वाहनों के चलने से दाएं-बाएं उड़ रही है,जिससे कई लोग घायल हो चुके है। इसके अलावा मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने की घटनाएं बढ़ गई हैं। दिन के समय तो राहगीर संभल कर चलते है लेकिन रात के समय अंधेरा होने के कारण मार्ग और भी खतरनाक हो जाती है। ऐसे में समय रहते डामरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**क्षेत्र के लोग है परेशान**

करौंदामुड़ा निवासी जगपति ने बताया कि अधूरे कार्य से उनके घर तक धूल फैल जाती है। सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। खासकर रात के समय सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए खतरनाक होता है। बड़सरा चौक के दुकानदार अश्वनी जायसवाल का कहना है कि धूल के कारण दुकान का सामान खराब हो रहा है और ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। वहीं उड़ती धूल से राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय महिला प्रभा ने बताया कि लोगों ने खुद मिलकर सड़क पर पानी डालते है लेकिन उसका असर कुछ ही देर तक ही रहा।



## बलरामपुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में जिला प्रशासन ने शनिवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी के मदद से 32 घरों को जमीदोज किया गया है। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हडकंप मच गया है। बता दें कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम-आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व, वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड कमांक 3 खुठनपारा जिला ग्रंथालय के पीछे वन विभाग की शासकीय भूमि व तहसील डौरा-कोचली के ग्राम कोचली लाल माटी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हते गया। नगरपालिका परिषद् बलरामपुर वार्ड क्रमांक 3 में लगभग 1.5 एकड़ शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा घर बनाकर अतिक्रमण किया गया था। प्रशासन द्वारा उन्हें उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया था। परंतु अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर बलरामपुर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा जमीन पर बनाए गए 22 घरों को तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी प्रकार खुठनपारा जिला ग्रंथालय के पीछे भी वन विभाग की शासकीय जमीन को लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसे बलरामपुर वन परिक्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में 10 मकानों को तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसील डौरा-कोचली में भी एसडीएम बलरामपुर श्री नेताम के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार रॉकी एक्का के नेतृत्व राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम कोचली (लालमाटी) में स्थित शासकीय भूमि तथा ग्राम डूमरखोला में भी शासकीय भूमि कुल 5 व्यक्तियों 0.06 हेक्टेयर द्वारा अतिक्रमण किया गया था, जिसे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

- जमीदोज किए गए 33 मकान, शासकीय जमीन पर किया गया था कब्जा

## मंत्री लक्ष्मी ने बांटा परिजन का दर्द

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्ची की गई हत्या ने पूरे जिले को गहरे शोक और आक्रोश में डुबो दिया है। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद हर ओर इंसाफ की मांग उठ रही है। शुक्रवार को प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचीं। उन्होंने अपनी संवेदनाओं के साथ उनका दुख बांटा।

- कहा जल्द होंगे आरोपी कानून की गिरफ्त में



परिजन से मुलाकात के दौरान मंत्री राजवाड़े की आंखें भी भर आईं। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है। एक माँ के तौर पर मैं इस दर्द को महसूस कर सकती हूं। सरकार इस मुश्किल घड़ी में हर कदम पर आपके साथ खड़ी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मौके पर ही राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा से फोन पर चर्चा की और सूरजपुर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे आरोपियों के लिए समाज में कोई जगह नहीं है। कानून अपना काम करेगा और मासूम को जरूर न्याय मिलेगा। मंत्री राजवाड़े ने भरोसा दिलाया कि सरकार न सिर्फ परिवार को हरसंभव सहायता देगी, बल्कि बच्चियों की सुरक्षा के लिए और कड़े कदम भी उठाएगी। उनके साथ प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित अन्य मौजूद रहे।

**मरीजों, परिजन व अस्पताल स्टाफ के आवागमन के लिए बनी मुसीबत**

## सीएचसी के सामने अतिक्रमण कर एनएच तक बना दी अस्थाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए स्थापित बिश्रामपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब अराजकता और अतिक्रमण की गिरफ्त में पड़ता दिख रहा है। अस्पताल के मुख्य द्वार के समीप लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण से आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

- बीएमओ ने तहसीलदार व थाना प्रभारी को पत्र लिखकर की कार्रवाई करने की मांग की



अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानें।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सीएचसी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने पिलखा नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी बिश्रामपुर को औपचारिक ज्ञापन देते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बीएमओ द्वारा गत दिनों जारी पत्र में उल्लेख किया है कि स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य प्रवेश मार्ग के समीप एनएच 43 किनारे कुछ लोगों द्वारा लगातार अस्थायी दुकानें शुरू की जा रही हैं।बीएमओ क़े अनुसार यदि समय रहते बढ़ते अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो यह किसी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। आसपास क़े लोगों का कहना है कि अस्पताल के बाहर की दुकानें अब एनएच सड़क तक आ चुकी हैं। अवैध अतिक्रमण की वजह से यहां खरीददारों के पहुंचने से अक्सर जाम की भी संभावना बनी रही है, अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर अतिक्रमण अब समस्या बनती जा रही है। पत्र में बीएमओ ने उल्लेख किया है कि प्रशासन इस पर शीघ्र कार्रवाई करे ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों, डॉक्टरों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को सुविधा मिल सके और उन्हें अराजकता से मुक्ति दिलाई जा सके। गौरतलब है कि बिश्रामपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने आप में क्षेत्र का एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र है लेकिन जिस तरह से उसके सामने अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है वह न केवल आपात सेवाओं में दिक्कत खड़ी कर सकता है, बल्कि आमजन की जान को भी जोखिम में डाल रहा है।

### श्रमिक दिवस पर स्वच्छता दीदी श्रमिकों का किया गया सम्मान

**प्रतापपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की उपस्थिति में निकाय क्षेत्र के स्वच्छता दीदी व श्रमिकों का सम्मान किया गया। साथ ही स्वच्छता कमांडो सफाई कर्मचारी वाहन चालक फिल्टर प्लांट के कर्मचारियों सहित पानी टंकी में कार्य करने वाले कर्मियों का साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि आज का दिन मजदूर व श्रमिक वर्ग के राष्ट्र निर्माण में उनका मूल्य योगदान को स्मरण करने का दिन है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों का उपलब्धियां का सम्मान और उनकी योगदानों को याद करना है। यह दिन मजदूरों को संगठित कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भी है। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ यूसीप्रिया एक्का, पार्षद नीलम धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सीता पैकरा, नवीन नाविक, सौरभ मानिकपुरी, लालमन सहित भारी संख्या में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।



## गांव जाकर भाजपा और एनडीए की डबल इंजन की सरकार के समर्थन में फैलाएं जागरूकता : सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

औरंगाबाद के पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और देशभर से कार्यकर्ता विभिन्न राज्यों के चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। देशभर में बिहार मूल के लगभग 2 करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं, जिनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने गांव जाकर भाजपा और एनडीए की डबल इंजन सरकार के समर्थन में जन जागरूकता फैलाएं।

- औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार चुनाव को लेकर किया आह्वान



श्री सिंह शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया मौजूद थे। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लगभग 7 से 8 जिलों में बसे बिहारी भाई-बहनों से भी वे इसी उद्देश्य से मिलने आए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर अंबिकापुर से रामानुजगंज जाने वाली सड़क के मरम्मत और बिहार की राजधानी से जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे पर भी चर्चा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रेस वार्ता से पूर्व बिहारी मूल के नागरिकों के साथ बैठक में सुशील कुमार सिंह का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि बिहार जैसे महत्वपूर्ण राज्य के वरिष्ठ नेता आज हमारे बीच उपस्थित हैं। बिहार चुनाव को लेकर हमारा मनोबल और प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है तथा इस बैठक में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के सपने तभी साकार होंगे जब वहां डबल इंजन की सरकार बनेगी और उन्हें पूरा विश्वास है कि देश के विभिन्न हिस्सों से बिहार मूल के लोग इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, पार्षद मनीष सिंह, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंहदेव, उपेन्द्र सिंह, मितेंद्र कुमार सिंह, मधु चौधरी, विकास पांडेय, आलोक दुबे, अंकित जायसवाल, रूपेश दुबे, मनोज कंसारी, रमेश जायसवाल, दीपक सिंह तोमर, मयंक जायसवाल, मनोज सोनी, अवधेश सोनकर, निरंजन राय, दीपक यादव, रविकांत उरांव, श्वेता गुप्ता, किरण सिंह, शुभ्रा सोनी, प्रियंका गुप्ता, राहुल जायसवाल, नीलम रजवाड़े, प्रिया सिंह, इंदु गुप्ता, प्रियंका चौबे, सीमा कश्यप, पंकज गुप्ता, अनुराग शुक्ला, निशांत सिंह, सूरज, अंशुमान गर्ग, संदीप सोनी, आनंद सिंह, कृष्णा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक।

## डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा-निर्देशन एवं सूरजपुर क्लस्टर प्रभारी एचके पाठक प्राचार्य डीएवी बिश्रामपुर के मार्गदर्शन में सूरजपुर क्लस्टर एवं जोन बी क्लस्टर का संयुक्त रूप से 1 मई से 3 मई तक डीएवी स्कूल में प्रथम चरण के तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यशाला में हिंदी, गणित, विज्ञान, विषयों एवं नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के लिए ईईडीपी कार्यशाला में विविध डीएवी स्कूलों क्रमशः बिश्रामपुर, भटगांव, चिरमिरी, कोरबा, पांडोपारा, छाल, गेवरा, कुसमुंडा, सोनाडीह, अकलतरा, रायगढ़ एवं तिलाईपाली से कुल 76 प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाएं और विविध विषयों के 19 विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का




शुभारंभ मुख्य अतिथि एसके त्रिपाठी, एएफएम एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र एवं विषय समन्वयकों,विषय विशेषज्ञों के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ डीएवी गान से किया गया। कार्यशाला आयोजक प्रभारी श्री पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी, विषय समन्वयकों एसके पाण्डेय, विधु शर्मा, एएम चौबे एवं विविध डीएवी स्कूलों से पहुंचे विषय विशेषज्ञों को सैंपलिंग एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक नासिर खान के द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वेन्यू इंचार्ज एचके पाठक ने अपने उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से उच्च शिक्षण कौशलों का विकास होगा। डीएवी सीएई दिल्ली में आयोजित कार्यशालाओं से प्रशिक्षित विविध विषय विशेषज्ञ प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकी कौशल से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराएंगे।मुख्य अतिथि एस के त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी कार्यशाला से शिक्षण स्तर प्रभावी बन जाता है और उच्च शिक्षण कौशलों का विकास भी होता है। इससे विद्यार्थियों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार आता है। इससे कक्षागत अध्यापन के दौरान आने वाली समस्याएं उभर कर आती है और उनका समाधान करने का अवसर भी प्राप्त होता है।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यशाला उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह का मंच संचालन अध्यापिका विजया पाल ने किया।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी में शामिल होने जाने तथा बारात से वापस लौटने के दौरान पिकअप से गिरने तथा वाहन की टक्कर से गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। एक ने निजी अस्पताल में तो दूसरे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बिमड़ा निवासी सुखलाल नागेश आ. नेहरू नागेश (25 वर्ष) शुक्रवार की शाम परिजन को लमगांव में रिश्तेदार के यहां शादी में जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। जैसे ही युवक बगीचा मुख्य मार्ग दुर्गापारा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप घायल हो गया। इसी बीच दूसरे बाइक से आ रहे गांव के ही मनीष दास व डबरू ने सुखलाल का गंभीर हालत में देख परिजन को सूचना देने के पश्चात उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम बाजरा निवासी जयमंगल आ. भागीरथी पण्डो (20 वर्ष) गत दिन पिता के साथ पास के ही गांव में बारात गया था। आज सुबह बारात से जैसे ही गांव पहुंचा और पिकअप से उतरने लगा तभी सड़क पर गिर गया। परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### पटवारी पर हमला करने वाले आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में सीमांकन करने गए पटवारी से गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि तहसील बलरामपुर के पटवारी सुनेश्वर सिंह ने 2 मई को कोतवाली बलरामपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे सुशासन तिहर के तहत आए आवेदन के निराकरण हेतु ग्राम जतरो में गए हुए थे। जतरो में आंगनबाड़ी भवन के लिए शासकीय भूमि खसरा नम्बर 628 का सीमांकन कर रहे थे। इसी दौरान उक्त शासकीय भूमि से लगे निजी भूमि के स्वामी नन्द सिंह और उसके पुत्र दुखराज सिंह द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए अश्लील जातिगत गाली गलौज किया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर ईंट से हमला किया गया। इस मारपीट में पटवारी घायल हो गए थे। मामले में पुलिस द्वारा पटवारी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 221, 121(1), 132, 324(4), 3(5) के तहत ग्राम जतरो निवासी 30 वर्षीय दुखराज सिंह आ. नंद सिंह और 60 वर्षीय नन्द सिंह आ. भुनेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### दुर्घटना प्रकरण में 1 करोड़ से अधिक का अवार्ड पारित

**सक्ती ।** मृत्यु दुर्घटना दावा प्रकरण में प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रशांत शिवहरे ने एक करोड़ 58 लाख से अधिक रुपए का अवार्ड पारित किया है। जानकारी के मुताबिक 28 अगस्त को हरिकीर्तन राठौर वाहन बस क्रमांक सी.जी. 19 एफ. 0972 से धमतरी से अपने कार्यालय कांकेर जा रहा था।

## अव्यवस्था से जूझ रहा अस्पताल

# सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों की सफाई कर्मी कर रहे मरहम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों स्टाफ की कमी के कारण भारी अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। आलम यह है कि एक स्वीपर के भरोसे अस्पताल का संचालन हो रहा है। यदि कोई घटना दुर्घटना होती है तो स्वीपर का काम करने वाले व्यक्ति से मरीजों का प्राथमिक उपचार और मरहम पट्टी कराई जाती है। स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था का एक ऐसा ही नमूना शनिवार को अस्पताल में देखने को मिला जब अस्पताल में सड़क दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचे मरीजों का प्राथमिक उपचार स्वीपर द्वारा किया जा रहा था। अब इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की कमी और जीवनदीप समिति कर्मचारियों की मनमानी का हवाला देने के साथ ही कार्रवाई की बात कह रहे है।

**खास बात**

- ड्रेसर की कमी से जूझ रहा सीएचसी

बता दें कि बारियों चारपारा निवासी परिवार बोलेरो वाहन से शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शंकरगढ़ गया हुआ था। शादी से वापस लौटे समय दोपहर 12.30 बजे राजपुर-कुसमी मार्ग पर परसापानी के समीप सामने से आ रहे टाटा माजिक वाहन में बोलेरो को टक्कर मार दी। भिडंत के बाद बोलेरो सवार चारपारा निवासी प्रदीप कुमार आ. सोहर, कुंदीकला निवासी विमला पति इंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके साथ ही वाहन सवार बारियों निवासी प्रमिला पति भुनेश्वर, कुंदीकला निवासी इंद्र कुमार आ. राम जन्म, चार पारा निवासी सुनैना पति प्रदीप को मामूली चोट आई थी। दुर्घटना में प्रदीप कुमार और विमला को गंभीर चोट आने पर उपचार के लिए पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था लेकिन एनएच किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसिंग के कार्य के लिए ड्रेसर नहीं बल्कि स्वीपर तैनात थे। अस्पताल में स्वीपर और समय समय पर पीएम के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले कर्मचारी द्वारा ड्रेसिंग का कार्य किया जा रहा था। जबकि इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे और उन्हें उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया लेकिन सीएचसी में स्वीपर द्वारा ड्रेसर का काम किए जाने से स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल उठाए जा रहे है।



मरहम पट्टी करता स्वीपर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।

### ड्रेसर ने नहीं उठाया फोन

बताया जा रहा है कि सीएचसी में पूर्व से दो नियमित ड्रेसर पदस्थ थे जिसमें से एक ड्रेसर सेवानिवृत्त हो गये जबकि एक ड्रेसर ईएल लेकर अवकाश पर चले गए है। इसके साथ ही अस्पताल में जीवन दीप समिति से ड्रेसर की भर्ती की गई है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि ये ड्रेसर भी बिना किसी सूचना के अस्पताल में अनुपस्थित रहते है। वहीं जब अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आलोक मिश्रा भी यह मान रहे है कि घटना के बाद उन्होंने जीवन दीप के तहत कार्यरत ड्रेसर को फोन भी लगाया था लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### शासन को कराया गया है अवगत

अस्पताल में ड्रेसर की कमी है, एक ड्रेसर सेवानिवृत्त हो गए है जबकि एक छुट्टी पर है। अस्पताल में जीवनदीप के तहत कार्यरत ड्रेसर को फोन लगाया गया था लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। अस्पताल में स्वीपर और वार्ड बॉय का काम करने वाले कर्मचारी से ड्रेसिंग कराई जा रही थी। ड्रेसर की कमी से शासन को अवगत कराया गया है इसके साथ ही लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

-डॉ. राम प्रसाद तिर्की, बीएमओ

## ससुराल आए युवक का नर्सरी में फांसी पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शनिवार को नर्सरी में युवक का फंदे में झूलता शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक अपने ससुराल आया हुआ था और उसके बाद लापता था। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही है वहीं मृतक के परिजन ने हत्या की संभावना जताते हुए जांच की मांग की है।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर के महामाया पाद बधीयाचुआं निवासी 20 वर्षीय अमन महिलांग आ. नैन साय गुरुवार को अपने ससुराल अमदला आया हुआ था। इस बीच शनिवार को युवक की पत्नी ने उसके माता पिता को युवक के घर से कहीं चले जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद युवक के परिजन भी अमदला पहुंचे थे जिसके बाद परिजन व ग्रामीणों द्वारा युवक की तलाश की जा रही थी। इस दौरान ग्राम केवरा नर्सरी में सागौन पेड़ में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। इसके साथ ही घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर युवक की बाइक थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा गया है।

इस घटना से परिजन सदमें में है। युवक द्वारा आत्म हत्या किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन युवक के परिजन ने उसकी हत्या की शंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन



**खरसिया।** नगर की सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभाने वाली मारवाड़ी युवा मंच खरसिया शाखा के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष इस बार भी सर्वसम्मति बने। जिसमें अध्यक्ष शुभम गर्ग शीतला नगर, सचिव शुभम अग्रवाल वकील व कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल बने। शुभम ने बताया कि जल्द ही बची हुई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। मंच के संरक्षक गिरधर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व सुशील डिम्पल की अध्यक्षता में रेलवे फाटक के बगल में पानी प्याऊ का उद्धघाटन किया गया। यह पानी प्याऊ मदनलाल अग्रवाल नावापारा वाले की स्मृति में इनके परिजनों द्वारा दिया गया है, जिसका संचालन मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया जाएगा। रेलवे फाटक घंटो बंद रहने से सैकड़ो लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता मारवाड़ी युवा मंच को महसूस हुई इसलिए तत्काल पानी प्याऊ प्रारंभ करवाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक गिरधर गुप्ता, सुशील डिंपल, जगदीश मित्तल, प्रहलाद बंसल, अध्यक्ष शुभम गर्ग, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, आलोक कबूलपुरिया, प्रमोद अग्रवाल, आशीष पिलानिया, प्रिंस अग्रवाल, रास बिहारी गुप्ता, मनोज अग्रवाल, तरुण अग्रवाल व पालू गौंटिया मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पलटी यात्रियों से भरी बस, नीचे दबे दो यात्री

**रनहत।** शनिवार की राजपुर से वाड्रफनगर के बीच चलने वाली आनंद बस मकरो नाला के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना के दौरान बस में 60 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद यात्रियों में मदद के लिए चीख पुकार मच गई। बड़ी बात यह है कि दुर्घटना के बाद बस के नीचे एक महिला और एक तीन साल की बच्ची दब गये थे जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- 60 से अधिक यात्री थे सवार, मकरो नाला के समीप हुई घटना

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि पुलिस द्वारा वाहन जो जब्त कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि आनंद बस सर्विस की बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0455 राजपुर से वाड्रफनगर के बीच चलती है। शनिवार को भी बस यात्रियों को लेकर वाड्रफनगर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान रनहत मकरो नाला के समीप चालक ने तेज रफ्तार बस से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई। बस के पलटने के बाद लोगों में चीख पुकार मच गई। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को घटना की सूचना देने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन बस पलटने के बाद प्रतापपुर गोटगवां निवासी सुकरमनिया आ. जवाहर व 3 साल की बच्ची बस के नीचे दबे हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा जेसीबी की मदद से बस को उठाकर घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। क्षेत्र में यात्री बस चालकों की लापरवाही और मनमानी हादसों का कारण बन रही है। कंडम बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन किया जा रहा है। शनिवार को भी दुर्घटनाग्रस्त बस में 60 से अधिक लोग सवार थे।



### ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता

बस दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद रनहत के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई। सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के शम्भूनाथ जायसवाल जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। इस दौरान स्थानीय नागरिक धर्मजीत सोनी, विजेश सिंह, आशीष जायसवाल, रामजी मिश्रा, विकास यादव, अभिषेक गुप्ता सहित अन्य लोगों ने राहत बचाव कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई।

## जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अधेड़ यात्री की संदिग्ध हालात में मौत




**बिश्रामपुर।** जबलपुर से अंबिकापुर जा रही क्रमांक 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन में शुक्रवार को सफर कर रहे एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस और रेलवे अधिकारियों के सामने पहचान करने एवं परिजनों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बनी हुई है। घटना की जानकारी ट्रेन में यात्रा कर रहे एक अन्य युवक ने दी, जिसने रेल मदद मोबाइल एप के माध्यम से रेलवे कंट्रोल रूम को अवगत कराया कि एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और वह सीट से नीचे गिर गया है। यात्री अचेत अवस्था में था, जिसे देख सहयात्री घबरा गए।मामले में रेलवे कंट्रोल रूम ने तत्काल ट्रेन की लोकेशन ट्रैक की और पाया कि गाड़ी बिश्रामपुर स्टेशन पहुंचने वाली है।इस पर कंट्रोलर ने तुरंत स्टेशन प्रबंधक को सूचित किया और मौके पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।तत्पश्चात स्टेशन प्रबंधक अजय राम ने तत्परता दिखाते हुए 108 संजीवनी एम्बुलेंस को रेलवे स्टेशन बुलाया।

- मृतक की अब तक नहीं हो सकी पहचान, आरपीएफ कर रही शिनाख्त

जब एम्बुलेंस कर्मियों और रेलवे स्टाफ ने यात्री की जांच की तो उसे मृत अवस्था में पाया गया। बताया गया कि मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच है। वह ट्रेन की सीट के नीचे अचेत पड़ा मिला था।

मौत होने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मौके पर आरपीएफ को बुलाया गया, जिन्होंने आगे की कार्रवाई करते हुए गांधीनगर पुलिस चौकी और पेंड्रा रोड जीआरपी को सूचित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबिकापुर के मर्च्युरी में भेजा गया है। ट्रेन को ज्यादा देर रोके जाने का बचाव करते हुए हुए स्टेशन मास्टर ने आवश्यक प्रक्रिया के बाद गाड़ी को अंबिकापुर के लिए रवाना कर दिया।इस दौरान ट्रेन करीब पच्चीस मिनट से अधिक तक बिश्रामपुर स्टेशन में खड़ी रही। मामले में आरपीएफ अंबिकापुर पोस्ट प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास जारी हैं।पुलिस आसपास के स्टेशनों से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है,साथ ही ट्रेन में चढ़ने की संभावित लोकेशन का भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है।







## रोजगार से ही घरों में आती है खुशहाली : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोयला खनन के क्षेत्र में नई उम्मीदों का सवेरा लेकर आई एसईसीएल की महामाया खुली कोयला खदान परियोजना ने शनिवार को 86 युवाओं के जीवन में नया उजाला भरा। भूमि अधिग्रहित परिवारों के इन युवाओं को परियोजना के प्रथम चरण में रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपकर युवाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ा। बहरहाल महामाया खदान परियोजना न केवल सूरजपुर के आर्थिक विकास को गति दे रही है, बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम भी बन रही है। यह परियोजना क्षेत्र के लिए समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक बनकर उभरी है, जिसने ग्रामीणों के सपनों को नई उड़ान दी है। कार्यक्रम में जरही, दुरती, बरौधी, मरहठा, चौरा सहित अन्य गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र मणि देवपाल पैकरा, नगर पंचायत जरही अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े, प्रमेश्वरी राजवाड़े, लवकेश पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

- महामाया खदान ने बदली 86 परिवारों की तकदीर
- मंत्री लक्ष्मीण राजवाड़े ने सौंपे नियुक्ति पत्र



स्वागत करते नौकरी पाने वाले युवा।

### रोजगार से समृद्धि का रास्ता

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि जिस घर में रोजगार आता है, वहां समृद्धि अपने आप चली आती है। कोयला उद्योग देश की रीढ़ है, जो न केवल बिजली उत्पादन करता है, बल्कि हजारों परिवारों को रोजगार देकर उनकी जिंदगी संवारता है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन से कहा कि जिन परिवारों की जमीन अधिग्रहित हुई है और उन्हें अभी तक रोजगार नहीं मिला, उन्हें भी शीघ्र अवसर प्रदान किया जाए।

### महिलाओं ने भी लहराया परचम

इस परियोजना ने न केवल युवाओं, बल्कि 7 महिलाओं को भी रोजगार का अवसर देकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की। ये महिलाएं अपने परिवार की पहली सदस्य हैं, जिन्हें इस तरह का रोजगार मिला। नियुक्ति पत्र पाकर उनकी आंखों में आत्मविश्वास और खुशी की चमक साफ झलक रही थी।

### खनिज संपदा से संवर रहा सूरजपुर

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि सूरजपुर खनिज संपदा का खजाना है। एसईसीएल जैसी कंपनियां इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं लेकर आई हैं। महामाया प्रोजेक्ट इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से मेहनत और लगन के साथ काम करने की बात कही।

### विकास की नई राह

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक दिलीप बोबडे ने कहा कि महामाया खदान केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का जरिया बनेगी। उन्होंने परियोजना के तहत कुल 668 लोगों को रोजगार देने के लक्ष्य की जानकारी दी, जिसमें से 214 हितग्राही जरही क्षेत्र से चयनित किए गए हैं।

### अब गांव नहीं छोड़ना पड़ेगा

नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ रही थी। जरही के स्थानीय रहवासी ने कहा कि पहले रोजी-रोटी के लिए शहरों की ओर पलायन करना पड़ता था। अब गांव में ही रोजगार मिल गया, यह हमारे लिए सपने के सच होने जैसा है। वहीं नियुक्ति पत्र पाने वाले सात महिलाओं में से एक ने कहा कि यह नौकरी मेरे परिवार के लिए गर्व की बात है। अब मैं आत्मनिर्भर बन सकूंगी।

